प्रेस नोट
दिनांक 12.04.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में त्योहारों व लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल के साथ थानों के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः-

आज दिनांक 12.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में थाना कटराबाजार, थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा त्योहरो श्री राम नवमी व लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु स्थानीय पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ थाना कटराबाजार व थाना वजीरगंज में स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान त्योहारों को शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने व लोकसभा समान्य चुनाव-2024 के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 12.04.2024, मीडिया सेल

जनपद गोण्डा।

शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 19 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

04 वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार-

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोण्डा के थाना को0 मनकापुर पुलिस ने 02, थाना खरगूपुर पुलिस ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट
दिनांक -12.04.2024

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया गया एवं उपस्थित सभी लोगो को मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई-

आज दिनाकं 12.04.2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के नेतृत्व में ***सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता**(SVEEP)* कार्यक्रम के अन्तर्गत पांचवे चरण 20 मई को शत्-प्रतिशत मतदान कराने हेतु ऐतिहासिक मतदाता जागरूकता रैली को नगर क्षेत्र में स्थित गांधी पार्क परिसर से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। रैली/फ्लैग मार्च गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर वहां से होते हुए हनुमानगढ़ी, सब्जी मण्डी, चौक बाजार, उतरौला रोड, जिला महिला चिकित्सालय, गुरूनानक चौक से होते हुए अदम गोंडवी मैदान में बैण्ड की धुन के साथ सम्पन्न हुई । जिसमें प्रशासन, पुलिस, अर्धसैनिक बल, पी0ए0सी0, होमगार्ड, एन0सी0सी0 कैडेट्स, स्काऊट गाईड एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, श्री राम पब्लिक स्कूल गोण्डा आदि के छात्र/छात्राओं सहित भारी संख्या में लोगो द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली के दौरान मतदाता आधारित गीत, नुक्कड़ नाटक व विभिन्न स्लोगनों आदि नारों की गूज के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक गोण्डा महोदय द्वारा बताया गया की रैली का मुख्य उद्देश्य मतदान के प्रति जागरूकता के साथ-साथ एरिया डॉमिनेशन तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एंव भयमुक्त वातावरण में लोक सभा चुनाव- 2024 को सकुशल सम्पन्न कराना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में सबकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। हमारा प्रयास है कि जनपद के फस्ट टाईम युवा वोटर, महिला, दिव्यांगजन, सीनियर सिटिजन सहित आम मतदाता लोकसभा निर्वाचन में बढ़-चढ़कर 20 मई को मतदान करें, तभी लोकतंत्र का उत्सव सफल बनेगा।

मीडिया सेल गोण्डा।